Nai Dunia (Indore), 17th December 2021, Page-05

आइआइटी इंदौर के विज्ञान सम्मेलन में बेहतर शोध प्रस्तुति पर होगा सम्मान

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। आइआइटी इंदौर में 22 से 25 दिसंबर को होने जा रहे मध्यप्रदेश विज्ञान सम्मेलन में देशभर के शोधकर्ता भी शामिल होंगे। बेहतर शोध करने वालों को सम्मानित किया जाएगा और नकद इनाम भी दिए जाएंगे। आइआइटी इंदौर के प्रो. संतोष विश्वकर्मा का कहना है कि विभिन्न जिलों में जाकर विज्ञान सम्मेलन में शामिल होने के लिए कालेजों के प्रतिनिधियों और विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। इसमें विज्ञान से संबंधित शोध प्रस्तुति करने की मांग भी की गई थी। आइआइटी इंदौर को विज्ञान सम्मेलन के दौरान 300 से ज्यादा शोध प्राप्त होने की उम्मीद है। इसमें से सबसे ज्यादा इंदौर से आ सकते हैं। इस बार कई प्राइवेट विश्वविद्यालयों को भी विज्ञान सम्मेलन में शामिल किया गया है। इसके चलते प्राइवेट विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने भी बुधवार को आइआइटी इंदौर परिसर में आश्वासन दिया है कि वे अपने यहां के विद्यार्थियों को कार्यक्रम में शामिल करेंगे और शोध पत्र भी प्रस्तुत किए जाएंगे। विज्ञान सम्मेलन में करीब एक हजार विद्यार्थी, शिक्षक और शोधकर्ता शामिल हो सकते हैं।